CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 323 रायपुर, गुरुवार 18 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज



गुरु घासीदास जयंती आज

### जेद्दा से कालीकट जा रहे एआई एक्सप्रेस विमान की आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर (न्यूज चैनल)।** एक अधिकारी ने बताया कि जेद्दा से कोझिकोड जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की गुरुवार को कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपत लैंडिंग कराई गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि लैंडिंग गियर और टायर फेल होने की वजह से यह आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में 160 यात्री सवार थे। कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि उसने जेद्दा से कोझिकोड जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स 398 की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग में सफलतापूर्वक मदद की, जिसे लैंडिंग गियर और टायर फेल होने की तकनीकी खराबी के कारण कोच्चि डायवर्ट किया गया था। बयान में कहा गया कि विमान सुबह 9.07 बजे सफलतापूर्वक कोचीन एयरपोर्ट पर उतरा। इस दौरान सभी आपात सेवाओं को सक्रिय कर दिया गया था।

### बस में लगी आग, दमकल और पुलिस टीम ने 40 छात्रों का किया रेस्क्यू

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर (न्यूज चैनल)।** राजधानी के सेंट जूड चौक के पास गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तमिलनाडु से ऑल इंडिया टूर पर आए 40 छात्र उस वक्त खतरे के साये में आ गए, जब उनकी चलती बस से अचानक धुआं उठने लगा। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों और कुछ अन्य लोगों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से सभी छात्रों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दमकल की गाड़ी ने मौके पर आकर आग पर काबू पा लिया। बस में तमिलनाडु के लगभग 40 छात्र सवार थे। ये छात्र ऑल इंडिया टूर पर निकले थे। सुबह यह दल हरिद्वार से निकलकर देहरादून स्थित एफआरआई देखने जा रहा था। जैसे ही बस सेंट जूड चौक के समीप पहुंची, इंजन के पास से अचानक घना धुआं निकलने लगा।




**चूहा- सुनती हो, लोकसभा में कृषि मंत्री कह रहे हैं कि विपक्ष बापू का अपमान कर रहा है।**

**चुहिया- हां जी, यही बात तो विपक्ष कह रहा है कि सत्ताधारी बापू का अपमान कर रहे है।**

## डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 3 नक्सली ढेर



**सुकमा, 18 दिसंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बल के जवानों ने 3 नक्सलियों को ढेर कर दिया है. डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के जवान आज सुबह गोलापल्ली क्षेत्र में सर्चिंग करने पहुंचे थे. इसी दौरान सिंगनमरागु इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ शुरू हो गई. डीआरजी के जवान माओवादियों की मांद में घुसकर उनका खात्मा कर रहे हैं. इलाके में दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग जारी है।

जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बल के जवान नक्सल विरोधी अभियान के तहत जंगल में सर्चिंग के लिए निकले थे. इस दौरान वहां माओवादियों के साथ उनकी मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में अब तक 3 नक्सली मारे गए हैं. मारे गए नक्सलियों में किस्टाराम एरिया कमेटी से जुड़े तीन माओवादी शामिल हैं. पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग सुकमा एसपी किरण चव्हाण स्वयं कर रहे हैं। फिलहाल इलाके में रुक-रुक कर दोनों ओर से फायरिंग जारी है. मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है।

**मारे गए नक्सलियों की पहचान इस प्रकार हुई है-** माड़वी जोगा उर्फ मुन्ना उर्फ जगत, एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम), किस्टाराम एरिया कमेटी, सोधी बंदी, एसीएम, किस्टाराम एरिया कमेटी, नुप्पो बाजनी, एसीएम (महिला), किस्टाराम एरिया कमेटी।

## लोकसभा से 'वीबी-जी-राम-जी' विधेयक पारित
## कृषि मंत्री बोले- बापू का अपमान कर रहा विपक्ष

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर (न्यूज चैनल)।** संसद में आज विपक्षी दलों के हंगामे के बीच शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत जी-राम-जी विधेयक पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहता। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सरकार की तरफ से जारी आंकड़े पेश करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने फंड का दुरुपयोग किया, लेकिन हमारी सरकार ने विकास कार्यों पर खर्च करने पर जोर दिया। शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि सरकार किसानों के साथ-साथ गरीबों के कल्याण के लिए विधेयक लाई है, जिसका विरोध किया जा रहा है।



उन्होंने कहा, सबसे पहले इस पवित्र सदन में मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। सभापति महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस विषय पर हमने माननीय सदस्यों के विचार सुने हैं। अब जवाब देना मेरा अधिकार है। मैं आपसे संरक्षण चाहता हूं। मैंने रात के डेढ़ बजे तक माननीय सदस्यों की बात सुनी है। अपनी बात सुना देना और फिर जवाब न सुनना ये लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार करना है। संविधान की धज्जियां उड़ाना है। ये बापू के आदर्शों की हत्या भी कर रहे हैं। अपनी बात सुना दो और हमारी न सुनो। ये भी हिंसा है। यह बापू के आदर्शों की हत्या करने का काम कांग्रेस और बाकी विपक्ष कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, सबसे पहले मैं पूज्य बापू (राष्ट्रपति महात्मा गांधी) के चरणों में प्रणाम करना चाहता हूं। बापू हमारी श्रद्धा हैं। बापू जी हमारे आदर्श हैं। बापू हमारी प्रेरणा हैं। बापू हमारे विश्वास हैं। इसलिए माननीय अध्यक्ष महोदय भारतीय जनता पार्टी ने अपने पंच निष्ठाओं में गांधी के सामाजिक-आर्थिक दर्शन को स्थान दिया है। हम गांधी जी के आदर्शों पर चलने वाले हैं। गांधी जी ने ही कहा था कि गांव भारत की आत्मा है। अगर गांव मर जाएंगे, भारत मर जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा, यह गांवों के विकास का विधायक है। माननीय प्रतिपक्षी सदस्यों ने कई तरह के आरोप लगाए। एक बात यह कही कि हम भेदभाव करते हैं। सारा देश हमारे लिए एक है। चेन्नई हो या गुवाहाटी, अपना देश-अपनी माटी। अलग भाषा-अलग वेष, फिर भी अपना एक देश। उन्होंने आगे कहा, मैं इनको बताना चाहता हूं कि अटल जी ने क्या कहा था। माननीय अध्यक्ष महोदय, हम देश के किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करते। हमारे नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था - यह देश हमारे लिए जमीन का टुकड़ा नहीं है, जीता-जाता राष्ट्र पुरुष है।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की टिप्पणी पर जवाब देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सनक मोदी सरकार पर सवार नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने खानदान का महिमामंडन करने के लिए इन्होंने महात्मा गांधी की बजाय केवल नेहरू परिवार के नाम पर सरकारी योजनाओं का नामकरण किया। कांग्रेस पर खानदान के महिमामंडन में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए शिवराज ने कहा कि नेहरू परिवार के नाम पर योजनाओं के नाम रखे गए। उन्होंने दावा किया कि 25 नाम स्वर्गीय राजीव गांधी और 27 नाम इंदिरा गांधी के नाम पर रखे गए। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों, सड़कों, इमारतों, अवार्ड्स के नाम भी इसी खानदान के लोगों के नाम पर रखे गए।

## बोरे में मिली महिला की लाश की हुई शिनाख्ती, लिव इन पार्टनर ने की पहचान
### तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

**दुर्ग, 18 दिसंबर (हाईवे चैनल)।** भिलाई के चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज के पास बोरे में मिली महिला की लाश की शिनाख्ती पुलिस ने कर ली है। सुपेला थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृत महिला भारती निर्मलकर कोसा नगर सुपेला की रहने वाली है। पुलिस ने महिला के हाथ में गोदना से लिखे हुए नामों को प्रचारित किया था, जिसके बाद महिला का लिव इन पार्टनर थाने पहुंचा और उसने महिला की पहचान की। वहीं तीन संदेहियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस जल्द मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। बता दें कि 12 दिसंबर की सुबह चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज के पास नाली में बोरे में बंद महिला की सड़ी-गली लाश मिली थी। उसके हाथ में गोदना से लखन, सुरेश, महादेव, आरती लिखा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला के मायके के परिजनों ने भी उसकी पहचान की है। परिजनों के बयान और हत्या के साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लिया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला की शिनाख्त के बाद परिजनों ने बताया कि वह 4 दिसंबर को एक कार्यक्रम में अपने लिव इन पार्टनर के साथ आखिरी बार दिखी थी। उसके बाद से किसी ने उसे न देखा और न ही उससे बातचीत हो पाई। इधर इस अंधे कत्ल में महिला की शिनाख्त करने के लिए दुर्ग पुलिस ने रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर सहित दर्जनभर जिलों के अलग-अलग थानों में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट को खंगाला। जिले के अलग-अलग स्पा सेंटर्स में काम करने वाली महिलाओं की जानकारी भी खंगाली। आखिरकार महिला के हाथ में गोदना से लिखे नामों से ही महिला की शिनाख्त हो पाई। महिला के अंधे कत्लकी गुत्थी को सुपेला पुलिस जल्द सुलझाने का दावा कर रही है। पुलिस ने महिला की हत्या को लेकर तीन संदेहियों को हिरासत में भी लिया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही हत्यारे बेनकाब होंगे।

## नेवरा में अधेड़ की हत्या



**तिल्दा नेवरा,** 18 दिसंबर (हाईवे चैनल)। नेवरा में एक व्यक्ति की हत्या हो गई है, आज सुबह लोगों ने देखा और नेवरा पुलिस को खबर दी नेवरा पुलिस घटनास्थल पहुंच गई है और मामले की विवेचना की जा रही है, साथ ही रायपुर से फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

मृतक ललित यादव पिता संतोष यादव उम्र 42 वर्ष नेवरा निवासी है जो कॉलेज मार्ग पर बीएनबी स्कूल दशहरा मैदान के सामने किराए के मकान से रहता था, मृतक शराब का भी आदि था, बुधवार देर शाम लोगों ने उसे मोहल्ले में ही देखा था। और आज सुबह एक गली में उसका शव देखा गया, लोगों को लग रहा था कि ठंड में अकड़कर उसकी मृत्यु हुई होगी, लेकिन मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं उसके पेट के पास किसी नुकीली वस्तु से वार किया गया है जिसका भी निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, साथ ही अनुमान लगाया जा रहा है कि दशहरा मैदान की तरफ किसी से लड़ाई झगड़ा विवाद हुआ होगा और मृतक को चाकू से मारा गया फिर मृतक भागते हुए गली में घुसा है क्योंकि गली में एक जगह खून के निशान भी दिख रहे हैं,और थोड़ी दूर में रेत के ढेर के पास मृतक के शव को सुबह लोगों ने देखा और नेवरा पुलिस को खबर की। नेवरा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी, एसआई विकास देशमुख सहित नेवरा पुलिस बल तत्काल घटना स्थल पहुंची है। और दोनों तरफ से गली को बंद किया गया है, साथ ही फॉरेंसिक टीम को जानकारी दी गई है, टीम भी रायपुर से तिल्दा पहुंचेगी और मामले की जांच करेगी। आज गुरुवार सुबह 7 बजे नेवरा पुलिस घटनास्थल पर उपस्थित है और मामले की विवेचना में जुट गई है।

## हम करते हैं विविधता का सम्मान... पीएम मोदी ने ओमान से दुनिया को दिया बड़ा मैसेज

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर (न्यूज चैनल)।** ओमान में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं मेरे सामने एक मिनी इंडिया देख रहा हूं। पीएम मोदी ने कहा कि ओमान में रहने वाले भारतीय अकसर भारत आते-जाते रहते हैं। आप भारत की हर घटना से अपडेट रहते हैं... आप सभी देख रहे हैं कि आज हमारा भारत कैसे प्रगति की नई गति से आगे बढ़ रहा है। भारत की गति हमारे



इरादों में दिख रही है, हमारे प्रदर्शन में नजर आती है। कुछ दिनों पहले ही आर्थिक विकास के आंकड़े आए हैं और आपको पता होगा कि भारत की विकास दर 8त्न से भी अधिक रही है यानी भारत लगातार दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है और ये तब हुआ है जब पूरी दुनिया चुनौतियों से घिरी हुई है। आप सभी परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से भी परिचित हैं। यहां ओमान से काफी सारे बच्चे भी इस कार्यक्रम से जुड़ते हैं। मुझे यकीन है कि ये चर्चा आपके काम आती होगी। अभिभावक हों या छात्र, सभी को तनाव मुक्त तरीके से परीक्षा देने में हमारी बातचीत बहुत मदद करती है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ओमान के बीच जो रिश्ता व्यापार से शुरू हुआ था आज उसे शिक्षा सशक्त कर रही है। मुझे बताया गया है कि यहां के भारतीय स्कूलों में करीब 46,000 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, इसमें ओमान में रहने वाले अन्य समुदायों के भी हजारों बच्चे शामिल हैं। ओमान में भारतीय शिक्षा के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। ये हम दोनों देशों के संबंधों का एक बहुत बड़ा पड़ाव है। आज हम एक परिवार की तरह एकत्रित हुए हैं।

## अभी और गिरेगा रुपया, एक्सपर्ट ने बताया- आरबीआई जानबूझकर फिसलने दे रहा रुपया

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर (न्यूज चैनल)।** भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर होता जा रहा है, जिससे निवेशकों और शेयर बाजार दोनों पर दबाव देखा जा रहा है। मंगलवार को रुपया 91 रुपये के नीचे गया था, लेकिन बुधवार को मामूली सुधार देखने को मिला। इस बीच, मार्केट एक्सपर्ट और "Sense and Simplicity" के फाउंडर सुनील सुब्रमण्यम ने कहा कि रुपये की गिरावट कोई कमजोरी



नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है। उनका मानना है कि रुपये का सही लेवल 100 रुपये प्रति डॉलर हो सकता है।

सुब्रमण्यम का कहना है कि रुपये का कमजोर होना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी नहीं है। उनका कहना है कि यह कदम भारत पर लगाए गए अमेरिकी टैरिफ का मुकाबला करने में मदद कर सकता है। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक केवल डॉलर-रुपया के रेट पर नजर नहीं रखता, बल्कि एक्सपोर्ट-इंपोर्ट, क्रूड ऑयल प्राइस और अन्य आर्थिक संकेतकों पर भी नजर रखता है। जब आरबीआई को लगेगा कि दखल देने की जरूरत है, तब वह कार्रवाई करेगा। एक्सपर्ट के मुताबिक, रुपये का सही संतुलन 100 रुपये प्रति डॉलर के आसपास होगा। जब रुपये की कीमत इस स्तर पर पहुंचेगी, तभी टैरिफ के असर को नियंत्रित किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आरबीआई के पास 700 बिलियन डॉलर का रिजर्व मौजूद है, जो जरूरत पड़ने पर विदेशी मुद्रा बाजार में दखल देने के लिए पर्याप्त है।

## सिम्स की बदहाली पर हाईकोर्ट में सुनवाई
## सीजीएमएससी ने कहा- जल्द पूरा होगा मशीनों का काम

**बिलासपुर, 18 दिसंबर (हाईवे चैनल)।** न्यायधानी के मेडिकल कॉलेज सिम्स की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है। आज डिवीजन बेंच में सीजीएमएससी की ओर से बताया गया कि टेंडर प्रक्रिया के साथ दावा आपत्ति मंगाई गई है। इस पर जल्द ही प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

हाईकोर्ट ने जनवरी के दूसरे सप्ताह में अगली सुनवाई तय कर सीजीएमएससी से टेंडर जारी करने दस्तावेजों के साथ पेश होने के निर्देश दिए। सिम्स में मशीनों की दुर्व्यवस्था



अगली सुनवाई में दस्तावेजों के साथ पेश होने के निर्देश

और मरीजों के उपचार को लेकर समाचारों पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज की थी। इस पर लंबे समय से सुनवाई चल रही है। पिछली बार हुई सुनवाई में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन ने टेंडर की जानकारी दी थी। आज चीफ जस्टिस व जस्टिस बीडी गुरु की डीबी में सुनवाई के दौरान सीजीएमएससी के एमडी ने अपने अधिवक्ता के जरिए बताया कि टेंडर की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसके बाद मशीनों का काम पूरा हो जाएगा। इस बारे में दावा आपत्ति भी मंगाई गई है। इसके निराकरण का काम भी किया जा रहा है। चीफ जस्टिस ने सीजीएमएससी से कहा कि आप इस बारे में प्रक्रिया को समाप्त कर दस्तावेजों के साथ कोर्ट में आएं।

## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार राम सुतार का निधन, 100 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर (न्यूज चैनल)।** प्रख्यात मूर्तिकार और दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार राम वनजी सुतार का बुधवार देर रात नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनके पुत्र अनिल सुतार ने यह जानकारी दी। वह 100 वर्ष के थे और लंबे समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे। 19 फरवरी 1925 को महाराष्ट्र के वर्तमान धुले जिले के गोंदूर गांव में एक साधारण परिवार में जन्मे राम सुतार का झुकाव बचपन से ही मूर्तिकला की ओर था। उन्होंने मुंबई के जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट एंड आर्किटेक्चर से शिक्षा प्राप्त की और स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद उन्होंने भारतीय मूर्तिकला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला लंबा और उल्लेखनीय रचनात्मक सफर तय किया।



संसद परिसर में स्थापित ध्यानमग्न मुद्रा में महात्मा गांधी की प्रतिमा और घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा उनकी प्रमुख कृतियों में शामिल हैं। वहीं, गुजरात में स्थापित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, जो देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है, ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। राम सुतार को उनके योगदान के लिए पद्म श्री (1999) और पद्म भूषण (2016) से सम्मानित किया गया। हाल ही में उन्हें महाराष्ट्र सरकार के सर्वोच्च सम्मान महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से भी नवाजा गया था। राम सुतार के निधन से भारतीय कला और सांस्कृतिक जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनकी कृतियां और विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

CMYK